कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 11 दिनांक : 16 / 04 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

प्रेसनोटः–

(जनसम्पर्क अधिकारी)

कृषि विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेटीज हेतु एक दिवसीय कार्यशाला

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के सेंटर फॉर एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इंटरप्रेन्योरशिप में डी.पी.आई.आई.टी. पंजीकृत इन्क्यूबेटीज के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी डॉ. वाय.डी. मिश्रा द्वारा की गई। इस कार्यशाला के माध्यम से सी.ए.आई.ई. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आदित्य सिंह ने सभी इनक्यूबिटीज से उनके बिजनेस के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान सभी इनक्यूबिटीज ने अपने बिजनेस सम्बन्धी समस्याओं को बताया और सी.ए.आई.ई. से उनके समाधान के बारे में बातचीत की। डॉ वाय. डी. मिश्रा ने सी.ए.आई.ई. की तरफ से दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे मार्केटिंग, ब्राडिंग, लिंकेज, लोगो पंजीकरण, एफ.एस.एस.ए.आई. पंजीकरण, बिजनेस प्लान, सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी और डी.पी.आई.आई.टी. पंजीकरण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस हाइब्रिड मोड की कार्यशाला में 15 इनक्यूबिटीज ने भाग लिया।